इसे वेबसाईट www.gad.mp.gov.in
से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

केवल शासकीय उपयोगार्थ

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

(आरक्षण प्रकोष्ठ)

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग को जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी निर्देश

जनवरी, 2014

विवरणिका

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010 में सेवा क्र. 6.3 के रूप में शामिल किया गया है। उक्त सेवा समय–सीमा में प्रदाय की जा सकें, इस दृष्टि से जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों को शामिल करते हुए एकजाई निर्देश दिनांक 13 जनवरी, 2014 को जारी किये गये है। अतः अब जारी किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र इन्हीं दिशा–निर्देशों के तहत जारी किये जाएं। सुविधा की दृष्टि से परिपत्र के साथ परिशिष्ट लगाये गये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

क्र.	विवरण	परिशिष्ट	पृष्ठ सं.
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश	–	1–11
2.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन का प्रारूप	'एक'	12–13
3.	अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन का प्रारूप	'दो'	15–17
4.	लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अभिस्वीकृति का प्रारूप	'तीन'	19
5.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप	'चार' एवं 'पांच'	20–21
6.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रवृजन संबंधी प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप	'छ'	22
7.	अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप	'सात' एवं 'आठ'	23–24
8.	अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रवृजन संबंधी प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप	नौ'	25
9.	विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन का प्रारूप	'दस'	26–27
10	विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के लिए घोषणा पत्र	'ग्यारह'	28
11	विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति के सदस्य होने का प्रमाणीकरण	'बारह'	29
12	विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप	'तेरह'	30
13	अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर के मापदण्ड	'चौदह'	31–34
14.	अनुसूचित जातियों की सूची (हिन्दी एवं अंग्रेजी)	'पन्द्रह'	35–38
15.	अनुसूचित जनजातियों की सूची (हिन्दी एवं अंग्रेजी)	'सोलह'	39–42
16.	अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की सूची (राज्य सूची)	'सत्रह'	43–48
17.	अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की सूची (केन्द्रीय सूची)	–	49–56
18.	विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों की सूची	'अठारह'	57–58

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन–भोपाल–462004

क्रमांक एफ 7–42/2012/आ0प्र0/एक, भोपाल, दिनांक 13 जनवरी, 2014

प्रति,

समस्त पदाभिहित अधिकारी, (अनुविभागीय अधिकारी ''राजस्व'')
समस्त जिला कलेक्टर, (प्रथम अपीलीय अधिकारी)
समस्त संभागायुक्त (द्वितीय अपीलीय अधिकारी)
(मध्यप्रदेश)

विषयः–अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में। (सामान्य प्रशासन विभाग की सेवा क्रमांक 6.3)

संदर्भः–(1) सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. एफ 7–2/96/आ.प्र./एक, दिनांक 01.08.1996
(2) सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. एफ 7–2/96/आ.प्र./एक, दिनांक 12.03.1997
(3) सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. एफ 7–13/04/आ.प्र./एक, दिनांक 11.07.2005
(4) लोक सेवा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 2–13/2012/61/लोसेप्र/पीएसजी–19 दिनांक 10.04.2013.

––0––

1. <u>सेवा का उद्देश्यः–</u> अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गो के व्यक्तियों को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिये जाति प्रमाण–पत्र प्रदाय किया जाना है :–

   1.1 **<u>शैक्षणिक सुविधाओं के लिये</u>** – राज्य शासन व्दारा देय शिष्यवृत्ति/छात्रवृत्ति प्राप्त करने, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश/प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होने, शिक्षण तथा अन्य शुल्क की छूट और पाठ्य सामग्री प्राप्त करने आदि।

   1.2 **<u>शासकीय सेवा तथा अन्य लाभ लेने के लिये</u>** – लोक सेवा एवं पदों में आरक्षण का लाभ, आरक्षित सीटों पर निर्वाचन तथा शासन द्वारा देय अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने आदि।

2. **पदाभिहित अधिकारी एवं समय–सीमा–** इस सेवा के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने कार्यक्षेत्र में पदाभिहित अधिकारी होंगे । यह सेवा आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 30 कार्य दिवस के अंदर दी जायेगी ।

3. **आवेदन पत्र का प्रारूपः–** अनुसचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन का प्रारुप **परिशिष्ट–'एक'** पर, अन्य पिछड़े वर्ग के लिए **परिशिष्ट–'दो'** पर तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के लिए जाति प्रमाण पत्र के आवेदन का प्रारूप **परिशिष्ट–'दस'** पर संलग्न है।

4. **<u>पात्रता की आवश्यक शर्तेः–</u>**

4.1 भारत सरकार की अधिसूचना संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 दिनांक 10 अगस्त, 1950 एवं संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950

दिनांक 06 सितम्बर, 1950 द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की सूची (समय–समय पर किये गये संशोधन सहित) में आवेदक की जाति संबंधित प्रवर्ग में अधिसूचित हो।

4.2 आवेदक/उसका परिवार कंडिका–4.1 में उल्लेखित जातियों की अधिसूचना जारी होने की तिथि अथवा उसके पूर्व से मध्यप्रदेश राज्य में निवास करता हो।

4.3 अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आदिम जाति, हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 (समय–समय पर किये गये संशोधन सहित) में आवेदक की जाति शामिल हो।

4.4 अन्य पिछड़े वर्ग के संदर्भ में आवेदक का परिवार क्रीमीलेयर की श्रेणी में नहीं आता हो।

4.5 विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों की शासन द्वारा जारी सूची में आवेदक की जाति शामिल हो।

5. **<u>निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज–</u>**

5.1 आवेदक को उपरोक्त कंडिका–3 में उल्लेखित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ आवेदक के पास उपलब्ध ऐसे दस्तावेज संलग्न करना होगें जिससे–

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में उनकी जाति तथा आवेदक/उसका परिवार की वर्ष 1950 या उससे पूर्व म.प्र. में निवास की पुष्टि होती हो ।

अथवा

अन्य पिछड़े वर्गों के मामले में उसकी जाति तथा वर्ष 1984 की स्थिति में या उसके पूर्व म.प्र. में निवास की पुष्टि होती हो।

5.2 मध्यप्रदेश में निवास एवं जाति की पुष्टि करने के लिये निम्नांकित दस्तावेज संलग्न किये जा सकते हैं :–

(i) **जाति की पुष्टि हेतु–**

परिवार के सदस्य (दादा/दादी/परदादा/परदादी पिता/माता/चाचा /भाई/बहिन) के नाम दर्ज अचल सम्पत्ति का रिकार्ड (भूमि/भूखण्ड/ मकान की रजिस्ट्री या अन्य कोई राजस्व रिकार्ड आदि) की छायाप्रति, जिसमें जाति का उल्लेख हो।

अथवा

परिवार के किसी सदस्य (पिता/चाचा/भाई/बहिन या दादा) को वर्ष 1996 के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।

(ii) **परिवार की वर्ष 1950 में निवास की पुष्टि हेतु दस्तावेज (जो उपलब्ध हो)**
शिक्षा/शासकीय सेवा/मतदाता परिचय पत्र/परिवार के सदस्य (दादा/दादी/परदादा/परदादी पिता/माता/चाचा/भाई/बहिन) के नाम दर्ज अचल सम्पत्ति का रिकार्ड (भूमि/भूखण्ड/मकान की रजिस्ट्री या अन्य कोई राजस्व रिकार्ड आदि) की छायाप्रति ।

(iii) स्वयं आवेदक के शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति ।

(iv) जाति एवं निवास की तिथि के संबंध में संलग्न घोषणा पत्र ।

5.3 आवेदक जिनके पास वर्ष 1950 (अन्य पिछड़े वर्गो के लिये 1984) में मध्यप्रदेश में निवास संबंधी दस्तावेज नहीं हैः–

ऐसे आवेदकों से जिनके पास वर्ष 1950 (अन्य पिछड़े वर्गों के लिये 1984) या उससे पहले से मध्यप्रदेश का निवासी होने संबंधी लिखित रिकार्ड नहीं है, तो उसे यह लिखित रिकार्ड प्रस्तुत करने हेतु विवश न किया जाए । राजस्व अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर/कैम्प में, जांच कर आवेदन पत्र में उल्लेखित जानकारी की पुष्टि करना चाहिये । इसके लिये आवेदक/संबंधित सरपंच/पार्षद/उस ग्राम, मोहल्ले के संभ्रान्त व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किये जाना चाहिये और स्वयं की संतुष्टि के बाद स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने की अनुशंसा करना चाहिये ।

6. पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी–

6.1 सेवा प्राप्त करने के लिये कंडिका 3 में बताये अनुसार संलग्न प्रारूप एवं कंडिका–5 में दर्शाये अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पदाभिहित अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा ।

6.2 आवेदक को आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदन प्रस्तुति की अभिस्वीकृति लोक सेवा के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 की धारा 5 (1) के अंतर्गत संलग्न **परिशिष्ट "तीन"** में दी जावेगी ।

6.3 पूर्ण आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में पावती में निराकरण की समय–सीमा का उल्लेख किया जावेगा और यदि आवेदन अपूर्ण हैं तो समय–सीमा का उल्लेख नही किया जावेगा परंतु जो आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं किये गये हैं उनका उल्लेख अभिस्वीकृति में किया जावेगा ।

6.4 आवेदन प्राप्त करते समय आवेदक का मोबाईल नम्बर का उल्लेख भी कराया जावे ताकि आवश्यकतानुसार एस.एम.एस. से अलर्ट किया जा सके ।

6.5 आवेदन का पंजीयन लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी (आवेदन, अपील, पुनरीक्षण, शास्ति की वसूली, प्रतिकर का भुगतान) अधिनियम, 2010 के नियम–16 में निर्धारित पंजी में संलग्न प्रपत्र–5 में किया जायेगा । एक ही आवेदन का पृथक–पृथक पंजीयों में इन्द्राज आवश्यक नहीं होगा ।

6.6 संबंधित पदाभिहित अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर यथाशीघ्र परंतु निर्धारित समय–सीमा के पूर्व आवेदन का निराकरण किया जावेगा ।

6.7 आवेदन पत्र अस्वीकृत करने की स्थिति में भी सूचना कारण सहित आवेदक को लिखित में दी जावेगी ।

7. लोक सेवा केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी–

7.1 आवेदन पत्र सॉफ्टवेयर पर ऑनलाईन दर्ज किया जाएगा एवं सॉफ्टवेयर में कंडिका–5 में बताये अनुसार आवश्यक दस्तावेजों को स्केन कर आवेदन के

साथ अपलोड किया जाएगा। दस्तावेज अपलोड करने के पूर्व उस लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटर द्वारा दस्तावेज पर डिजिटल हस्ताक्षर किया जायेगा ।

7.2 आवेदन प्राप्त करते समय आवेदक का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आईडी आवेदक के पास होने की स्थिति में आवश्यक रूप से लिया जावे ।

7.3 ऑनलाईन आवेदन का प्रिन्टआउट निकालकर उस पर आवेदक के हस्ताक्षर लिए जाएंगे एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत उसके साथ संलग्न होने वाले निर्धारित दस्तावेजों को संलग्न किया जाएगा। इस तरह प्राप्त यह **हार्डकॉपी पदाभिहित अधिकारी द्वारा** अगले माह की एक तारीख अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर विशेष वाहक के माध्यम से **प्राप्त किया जाएगा ।**

7.4 ऑन लाईन आवेदन जमा होने के साथ ही सॉफ्टवेयर से आवेदन की पावती तैयार होगी । पूर्ण आवेदन जमा होने की स्थिति में पावती में निराकरण की समय–सीमा सॉफ्टवेयर द्वारा अंकित होगी । अपूर्ण आवेदन की स्थिति में छूट गये दस्तावेजों का उल्लेख होगा । आवेदन जमा होने के बाद पावती पर ऑपरेटर द्वारा हस्ताक्षर कर आवेदक को दी जायेगी ।

7.5 लोक सेवा केन्द्र पर आवेदन की ऑनलाईन पावती जमा होते ही आवेदन संबंधित पदाभिहित अधिकारी के एकाउन्ट में ऑनलाईन उपलब्ध हो जाएगा ।

7.6 पदाभिहित अधिकारी ऑनलाईन आवेदन के आधार पर परिपत्र की कण्डिका–8 में बताई प्रक्रिया अनुसार उसके निराकरण की कार्यवाही करेगा और यथाशीघ्र समय सीमा के पूर्व आवेदन का निराकरण कर जाति प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

7.7 सेवा प्रदाय करने के लिये सेवा प्रदाय संबंधी प्रमाण–पत्र पर स्याही से हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है । अतः पदाभिहित अधिकारी को स्याही से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र लोक सेवा केन्द्र पर भेजने की आवश्यकता नहीं है । लोक सेवा केन्द्र संचालक पदाभिहित अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी प्रमाण–पत्र को सॉफ्टवेयर से प्रिन्टआउट निकालकर आवेदक को उपलब्ध करायेगा ।

7.8 यदि पदाभिहित अधिकारी यह पाता है कि कतिपय कारणों से स्थाई जाति प्रमाण पत्र दिया जाना संभव नहीं है तो वह लिखित में कारण दर्शाते हुए आवेदन पत्र निरस्त करेगा एवं इसकी सूचना ऑनलाईन आवेदक को डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से देगा ।

7.9 लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर द्वारा सेवा प्रदाय अथवा प्रदाय न करने की सूचना संबंधी पत्र डिजीटली साईन डिपाजटरी (www.mpedistrict.gov.in) से प्रिंटआउट निकालकर दिया जायेगा एवं प्रमाण–पत्र पर नीचे लिखा सत्यापन प्रमाण–पत्र हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित अंकित किया जावेगा–

"प्रमाणित किया जाता है कि इस पत्र का प्रिंटआउट वेबसाईट (www.mpedistrict.gov.in) से मेरे द्वारा निकाला गया है ।"

हस्ताक्षर
लोक सेवा केन्द्र संचालक

8. आवेदन निराकरण करने की प्रक्रिया–

8.1 आवेदक द्वारा अपना आवेदन पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय में सीधे अथवा लोक सेवा केन्द्र में प्रस्तुत किया जा सकेगा ।

8.2 पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कंडिका–6 अनुसार एवं लोक सेवा केन्द्र में कंडिका–7 अनुसार प्रस्तुत किये जायेंगे ।

8.3 आवेदन पत्र प्राप्त होने पर पदाभिहित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र अपने अधीनस्थ राजस्व अधिकारी को **5 कार्यालयीन दिवस** के अंदर जांच हेतु प्रेषित किया जावेगा ।

8.4 संबंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की जांच/सत्यापन तथा आवश्यक होने पर कंडिका–5.3 में उल्लेखानुसार स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट अधिकतम 15 दिवस के अंदर पदाभिहित अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) को प्रस्तुत करेगा ।

8.5 संबंधित पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय में संबंधित राजस्व अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी तथा अधिकतम **10 दिवस** के अंदर स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा । सम्पूर्ण कार्यवाही अधिसूचना में सेवा प्रदान के लिए निर्धारित समय सीमा 30 कार्य दिवस के अन्दर पूर्ण की जाएगी ।

8.6 यदि जाति सत्यापन अन्य जिले अथवा अन्य राज्य से कराया जाता है तो एक माह की अतिरिक्त समय–सीमा अर्थात् दो माह की समय–सीमा के अंदर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा ।

8.7 स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही जारी किये जाएंगे । जाति प्रमाण पत्र पर स्याही से हस्ताक्षर नहीं होंगे। डिजीटली साईन्ड जाति प्रमाण पत्र की डिपाजिटरी बनायी जायेगी, जिसमें जारी होने वाले समस्त जाति प्रमाण पत्र संधारित किये जायेंगें ।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट–**'चार'**, **'पांच'** एवं **'छः'** पर तथा अन्य पिछड़े वर्ग वर्गों के लिए जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट–**'सात'**, **'आठ' एवं 'नौ'** पर संलग्न है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये परिशिष्ट–**'चार' एवं 'पांच'** तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये **परिशिष्ट–'आठ' एवं 'नौ'** में एक साथ जारी किये जायेंगे और यह दोनों जाति प्रमाण पत्र उत्तम क्वालिटी के पेपर पर लेमिनेटेड करवाकर प्रदाय किया जाएगा।

8.8 राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई आवेदक स्थाई जाति प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं पाया जाता है तो ऐसे आवेदन पत्रों को स्पष्ट कारण दर्शाते हुए निरस्त करने के आदेश पदाभिहित अधिकारी द्वारा पारित किये जाएंगे। यह कार्यवाही जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निर्धारित अधिकतम समय–सीमा एक माह के अंदर ही संपादित की जाएगी।

8.9 जाति प्रमाण पत्र पर स्याही से हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी । जाति प्रमाण पत्र ऑनलाईन जारी किया जायेगा और उन पर डिजीटल हस्ताक्षर किया जाएगा । इस तरह जारी होने वाले समस्त जाति प्रमाण पत्र की एक डिजीटल डिपोजिटरी वेबसाईट पर संधारित की जायेगी ताकि शंका होने पर प्रमाण पत्र की पुष्टि की जा सके ।

8.10 यदि जाति प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी होना पाया जाता है तो आवेदक के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी । यदि इसमें जारी करने वाले अधिकारी की लापरवाही/दुर्भावना पाई जाती है तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी । अतः अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने में पूर्ण सावधानी बरती जाएं ।

8.11 अन्तर्राज्यीय प्रवृजन संबंधी प्रकरणों मे जाति प्रमाण पत्र की व्यवस्था–

(i) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का कोई व्यक्ति/परिवार राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद–341 एवं 342 के तहत जातियों की अधिसूचना जारी होने के वर्ष 1950 के बाद तथा अन्य पिछड़े वर्ग का कोई व्यक्ति/परिवार राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 जारी होने के बाद किसी अन्य राज्य से प्रवृजित होकर मध्यप्रदेश में आया है, तो उसे/उसकी संतान को मध्यप्रदेश अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिये जाति प्रमाण पत्र पृथक प्रारूप–तीन (जो **परिशिष्ट–'छः'** पर है) में जारी किया जाएगा ।

(ii). पदाभिहित अधिकारी द्वारा ऐसे जाति प्रमाण पत्र आवश्यक जांच उपरांत पूर्ण सावधानी के साथ ही जारी किया जावेगा और आवश्यक समझे तो उसके मूल राज्य से इसकी जांच भी कराई जा सकेगी ।

(iii) भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेश No. BC-16014/1/82-SC&BCD-1 दिनांक 6 अगस्त, 1984 के अनुसार प्रारूप–तीन में जारी जाति प्रमाण पत्र पर आरक्षण की सुविधा उसी राज्य से प्राप्त होगी, जिस राज्य से आवेदक का मूल रूप से संबंध है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा देय आरक्षण सुविधा की पात्रता नहीं होगी, किन्तु यह जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार की सेवाओं/संस्थाओं आदि में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिये मान्य होंगे ।

(iv) राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप मूलतः छत्तीसगढ़ राज्य के निवासरत् अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश खंडपीठ ग्वालियर रिट याचिका 5664/05 (पी.आई.एल.) में पारित आदेश दिनांक 07.10.2006 के पालन में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 7–13/2004/आ.प्र./एक, दिनांक 27 जून, 2011 द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के अंतर्गत मूलतः छत्तीसगढ़ क्षेत्र से संबंध रखने वाले ऐसे व्यक्ति जो मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के लागू होने के पूर्व से पुनर्गठित मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत स्थाई रूप से बस गये हैं और वर्तमान में निरंतर मध्यप्रदेश राज्य में निवासरत् है तथा उनकी जाति मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दोनों ही राज्यों में अनुसूचित जनजाति की सूची में अधिसूचित है, को जाति प्रमाण पत्र उसी प्रकार जारी करने का प्रावधान किया गया है, जिस प्रकार मूलतः मध्यप्रदेश के निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को जारी किये जाते हैं।

(v) उक्त कंडिका 8.11 (iv) में दर्शाये गये अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करते समय समस्त पदाभिहित अधिकारी प्रत्येक आवेदक के स्थाई निवास के संबंध में गुण–दोष के आधार पर परीक्षण करें।

(vi) इस सेवा को प्राप्त करने के लिये कोई प्रशासनिक शुल्क देय नहीं है । लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने पर लोक सेवा केन्द्र के लिये निर्धारित आवेदन शुल्क केवल रू. 30/– जमा करना होगा । इस राशि का भुगतान संबंधित विभाग (अनुसूचित जाति कल्याण, आदिम जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग) द्वारा किया जाएगा । अतः लोक सेवा केन्द्र उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र के प्रकरणों के निराकरण संबंधी प्रवर्गवार जानकारी देते हुए जिला संयोजक/सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग से उक्त राशि प्राप्त कर सकेंगे।

(vii) संबंधित पदाभिहित अधिकारियों द्वारा जारी किये जाने वाले स्थाई जाति प्रमाण पत्रों की दिनांकवार सूची तथा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों की पृथक सूची संबंधित कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी ।

9. छात्र–छात्राओं के लिए जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था। (कक्षा 1 से 12 तक)

9.1 सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 11 जुलाई, 2005 द्वारा कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को स्कूलों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनवाकर प्रदाय करने के निर्देश जारी किये गये है। अब यह व्यवस्था कक्षा 1 से 12 तक के छात्र–छात्राओं के लिए लागू होगी।

9.2 इस वर्ष शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर (01 जुलाई से) कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले तथा कक्षा 12वीं तक समस्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग के छात्र–छात्राओं से जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन 15 जुलाई, 2014 से 31 अगस्त, 2014 के मध्य प्राप्त किये जाएंगे। वर्ष 2015 में केवल कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले समस्त एवं बाद की कक्षाओं के केवल उन छात्रों से ही आवेदन लिये जाएंगे, जिनके पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है।

9.3 कक्षा 1 से 12 तक प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की बहुत बडी संख्या होगी। अतः जिला कलेक्टर सुव्यवस्थित योजना बनाएंगे, जिसके तहत लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं जिले के नागरिक सुविधा केन्द्र के संचालकों की सहायता से आवश्यकतानुसार 10 से 15 ऑपरेटर लगाने की व्यवस्था की जाएगी। जो एक समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार जिले की प्रत्येक शाला का भ्रमण कर छात्र/ छात्राएं या उनके पालक/अभिभावकों से जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त करेंगे और उन्हें ऑनलाईन दर्ज करेंगे। ध्यान रखा जाए कि ऑपेरटर की संख्या इस तरह निर्धारित हो कि प्रत्येक ऑपरेटर को प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक आवेदन दर्ज न करना पड़े। प्रत्येक ऑपरेटर के पास कम्प्यूटर इंटरनेट एवं दस्तावेजों को स्केन करने के लिए सुविधा होनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ऑपरेटर प्रत्येक शाला में कम से कम दो बार भ्रमण करें। यदि कोई छात्र/छात्राएं या उनके पालक/अभिभावक ऑपरेटर के दो बार भ्रमण के दौरान आवेदन प्रस्तुत करने में सफल नहीं हो पाता है तो ऐसे आवेदकों को आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पृथक से विकासखंड मुख्यालय पर तिथि निर्धारित की जाए।

9.4 लोक सेवा केन्द्र के प्रतिनिधि स्कूलों में कंडिका 9.3 अनुसार निर्धारित तिथियों को शिविर लगाकर उक्त कंडिका 9.2 के अंतर्गत आने वाले छात्र–छात्राओं के पालक/अभिभावकों से समक्ष में जानकारी लेकर जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र के प्रारूप में चाही गई जानकारी के अनुसार कम्प्यूटर में दर्ज करेंगे। इस संबंध में कंडिका 7 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

9.5 आवेदक/पालक/अभिभावक को संलग्न निर्धारित प्रारूप में घोषणा–पत्र की पूर्ति कर हस्ताक्षर करना होगा। यही स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र मान्य किया जायेगा। इसे पृथक से नोटराईज करने की आवश्यकता नहीं है। जानकारी की सत्यता के लिए घोषणाकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा और जानकारी के असत्य पाये जाने पर वह दण्ड का भागीदार होगा।

9.6 लोक सेवा केन्द्रों के प्रतिनिधि अन्य दस्तावेज के साथ घोषणा पत्र भी स्केन्ड कर अपलोड करेंगे।

9.7 लोक सेवा केन्द्रों के शिविर आयोजन की तिथि के संबंध में पार्षद/सरपंच/स्कूलों के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक को तीन दिवस पूर्व सूचना दी जाएगी और संबंधित स्कूलों के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक संबंधित छात्र–छात्राओं के साथ उनके पालक/अभिभावकों के लिए उक्त तिथि पर उपस्थित होने की लिखित सूचना भेजेंगे, साथ ही पार्षद/सरपंच/द्वारा कोटवारों से मुनादी अथवा अन्य माध्यमों से भी पालक/अभिभावकों को पूर्व सूचना दी जाएगी।

9.8 ऐसे आवेदनों पर इस परिपत्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाएंगे । डिजिटल रिपोजेटरी से जाति प्रमाण पत्र डाउनलोड कर उसकी एक प्रति लेमिनेटेड कराकर स्कूलों के माध्यम से ही वितरित की जाएगी। यह कार्यवाही समयबद्ध कार्ययोना बनाकर 31 दिसम्बर, 2014 तक पूरी की जाएगी।

9.9 लोक सेवा केन्द्र के शुल्क एवं लेमिनेशन पर होने वाला व्यय कंडिका 8.11 (vi) अनुसार संबंधित विभाग (अनुसूचित जाति कल्याण, अनुसूचित जनजाति कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग) द्वारा वहन किया जाएगा।

9.10 एक बार जारी किया गया स्थाई जाति प्रमाण पत्र संबंधित व्यक्ति के जीवन भर के लिए उपयोगी होगा और किसी भी प्रयोजन के लिए उसकी स्वहस्ताक्षरित फोटोप्रति संलग्न की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनुपलब्धता (गुम हो जाने आदि) की स्थिति में क्योस्क या वेबसाईट से जाति प्रमाण पत्र की प्रति डाउनलोड की जा सकेगी, जो मान्य होगी।

10. विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था—

10.1 आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 12—61/2007/4/पच्चीस दिनांक 16.07.2010 द्वारा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश जारी किये गये है, जिसमें सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिवासी विकास विभाग को इन जातियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। उक्त निर्देशों को निरस्त किया जाता है। अब इन जातियों के भी जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किये जाएंगे। इसकी प्रक्रिया वहीं होगी जो इस परिपत्र में दी गई अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दी गई है।

10.2 इन जातियों के लिए जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट—'दस'** पर, घोषणा पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट—'ग्यारह'** पर, पार्षद/सरपंच/पटवारी को प्रमाणीकरण पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट—'बारह'** पर एवं जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट—'तेरह'** पर संलग्न है। क्रीमीलेयर के मापदण्ड **परिशिष्ट—'चौदह'** पर संलग्न है।

10.3 इन जातियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदक को सिर्फ उनकी जातियों की पुष्टि करना होगा। साथ ही वह वर्तमान में मध्यप्रदेश में निवासरत् होना चाहिए।

10.4 इन जातियों की पुष्टि के लिए आवेदक को उसके परिवार में किसी सदस्य (पिता/चाचा/भाई/बहन/दादा) को पूर्व में जारी किये गये जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति/शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र/शासकीय—अर्द्ध शासकीय सेवा का रिकार्ड/राशन कार्ड/अचल संपत्ति (भू—अभिलेख) का रिकार्ड (जो उपलब्ध हो) वह संलग्न करना चाहिए। इनमें से उतना ही रिकार्ड पर्याप्त होगा, जिससे उसकी जाति की पुष्टि हो जाए। सभी दस्तावेज अनिवार्य नहीं है।

11. आदेश/निर्देशों का निरसन/अधिक्रमण—

(1) परिपत्र क्रमांक एफ 7—13/2004/आ.प्र./एक, दिनांक 16 जुलाई, 2008
(2) परिपत्र क्रमांक एफ 7—13/2004/आ.प्र./एक, दिनांक 18 फरवरी, 2009 एतद् द्वारा निरस्त किये जाते हैं।

12. मध्यप्रदेश राज्य के लिए अधिसूचित अनुसूचित जातियों की सूची **परिशिष्ट—'पन्द्रह'** पर, अनुसूचित जनजातियों की सूची **परिशिष्ट—'सोलह'** पर, अन्य पिछड़े वर्गों की सूची **परिशिष्ट—'सत्रह'** पर तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों की सूची **परिशिष्ट—'अठारह'** पर संलग्न है।

13. <u>अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु—</u>

(1) अब जारी होने वाले सभी जाति प्रमाण पत्र एन.आई.सी. द्वारा तैयार किये गये पोर्टल (वेबसाईट) पर उपलब्ध रहेंगे।

अतः कोई भी आवेदक उसके परिवार के किसी सदस्य (दादा/पिता/चाचा/भाई/ बहन) को पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करता है तो उसकी संबंधित वेबसाईट पर पुष्टि कर आवेदक को जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा। पृथक से उसकी विस्तृत छानबीन करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उसके परिवार के संबंध में एक बार छानबीन कर जाति एवं निवास की पुष्टि की जा चुकी है। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 01.08.1996 के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्रों को भी उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जाए।

(2) पदाभिहित अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में ही जारी किये जाएंगे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र के लिए प्रारूप तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए जाति प्रमाण पत्र का प्रारूप पृथक–पृथक निर्धारित है । ये प्रारूप निम्नांकित तीन प्रकार के हैं :–

(i) राज्य शासन के अधीन आरक्षण/सुविधाओं के लिए **"प्रारूप–एक"**

(ii) केंद्रीय सरकार के आरक्षण/सुविधाओं के लिए **"प्रारूप–दो"**

(iii) प्रवर्जन संबंधी आवेदकों के लिए **"प्रारूप–तीन"**

नोटः– **(अ)** प्रारूप–तीन में जारी किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र पर केन्द्र सरकार का आरक्षण/सुविधाएं प्राप्त होगीं। यह प्रमाण पत्र पर राज्य शासन के आरक्षण/सुविधाओं के लिए मान्य नहीं होगा)

(ब) **"प्रारूप–एक"** एवं **"प्रारूप–दो"** के जाति प्रमाण पत्र एक साथ उत्तम क्वालिटी के पेपर पर जारी किये जाएंगे।

14. **अपील**–आवेदक निम्नांकित स्थितियों में अपील कर सकेगा :–

(i) आवेदक का आवेदन पत्र अमान्य किये जाने पर।

अथवा

(ii) आवेदक आवेदन का निराकरण समय–सीमा में न होने पर।

अपील निम्नानुसार की जा सकेंगी–

14.1 **प्रथम अपील**–जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने वाले पदाभिहित अधिकारी द्वारा किसी भी आदेश की प्रथम अपील जिला कलेक्टर/अपर कलेक्टर को होगी जो 30 दिवस में अपील का निराकरण करेंगे।

14.2 **द्वितीय अपील**–कंडिका–14 के अनुसार प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील संभागीय आयुक्त, राजस्व के न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी।

(आर.के. गजभिये)
उप सचिव
म0प्र0 शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

पृष्ठां क्रमांक एफ 7—42/2012/आप्र/एक, भोपाल, दिनांक 13 जनवरी, 2014

प्रतिलिपिः—

1. प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2. अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर।
3. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल।
4. माननीय मंत्री/राज्यमंत्री के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल।
5. सचिव (समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
6. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन, शासन के समस्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
7. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल/अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल।
8. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
9. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल।
10. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर।
11. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल।
12. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर।
13. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म.प्र. भोपाल।
14. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर।
15. निदेशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग क्षेत्रीय कार्यालय, कमरा नं. 309 निर्माण सदन, सीजीओ बिल्डिंग, 52—ए अरेरा हिल्स, भोपाल।
16. निदेशक, अनुसूचित जाति आयोग, क्षेत्रीय कार्यालय, फ्लेट नं. 103 तेजस्वी अपार्टमेंट, द्वितीय तल, द्वारकापुरी पूजा गुप्ता, हैदराबाद—500082।
17. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग/अनुसूचित जनजाति आयोग/अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, भोपाल।
18. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग।
19. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
20. अवर सचिव, म.प्र. शासन, सा.प्र.वि. अधीक्षण/अभिलेख/पुस्तकालय।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(आर.के. गजभिये)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

परिशिष्ट –'एक'

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये जाति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन–पत्र
(अवयस्क की स्थिति में आवेदन पत्र माता/पिता/पालक की ओर से प्रस्तुत किया जाय)

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी,
अनुविभाग .....,
जिला.....(म0प्र0)

महोदय,

निवेदन है कि मुझे/मेरे पुत्र/पुत्री को राज्य शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश करने/राज्य की सेवाओं में नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को दी जा रही सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है । इस संबंध में मेरे द्वारा निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत है :–

1. (अ) आवेदक का पूरा नाम .....
   (ब) आवेदक के पिता का पूरा नाम .....
2. (अ) आवेदक की जाति/उपजाति .....
   (ब) सरनेम .....

(स) उस व्यक्ति का नाम एवं आवेदक से संबंध जिसके लिये प्रमाण–पत्र मांगा जा रहा है (उसका नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि)
नाम :.....
पिता का नाम :.....
जन्म तिथि :.....
जन्म स्थान/जिला/प्रदेश.....
आवेदक से संबंध .....

3. निवास का पूरा पता :
   (ग्राम/नगर, पटवारी हल्का नम्बर, तहसील, जिला सहित)
   (अ) वर्तमान पता : .....
   .....
   (ब) स्थाई पता : .....
   .....
4. आवेदक/आवेदक का परिवार मध्यप्रदेश में कब से निवासरत है ? .....

5. यदि राष्ट्रपति द्वारा जातियों की अधिसूचना जारी करने के वर्ष 1950 के बाद अन्य राज्य से प्रवृजन कर आया है ता उसका विवरण –
   (अ) मध्यप्रदेश में आने के पूर्व में निवास का पूरा पता. राज्य.....
   (ब) माता/पिता को जाति प्रमाण पत्र कहॉ से जारी हुआ है .....
   (प्रति संलग्न करें)
6. क्या इस आवेदन के प्रस्तुती के पूर्व परिवार के किसी सदस्य (पिता/चाचा/भाई/बहिन/ दादा के नाम से जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है? यदि हॉ तो उसका विवरण एवं फोटो प्रति संलग्न करें ।)
   नाम :.....
   जारी करने वाले कार्यालय का नाम .....
   जिले का नाम .....
   जारी करने का दिनांक.....
7. आवेदक द्वारा अपनी जाति तथा निवास संबंधी प्रस्तुत किये गये अभिलेखों का विवरण :.....

8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये घोषणा पत्र का दिनांक : .....

टीपः– (1) जाति तथा निवास के प्रमाण हेतु संबंधित सरपंच/पार्षद/नगरीय निकाय के अध्यक्ष/विधायक/सांसद में से किसी एक के प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अपने परिवार के सदस्य पिता/चाचा/भाई/बहिन/दादा का जाति प्रमाण पत्र/शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र/शासकीय अर्द्ध शासकीय सेवा का रिकार्ड/राशन कार्ड/अचल सम्पत्ति का रिकार्ड यदि उपलब्ध हो तो संलग्न करें ।

(2) आवेदक/उनके पालक/अभिभावक स्वयं सुनिश्चित करेंगे कि वे जिस जाति के प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं, उसकी पात्रता रखते हैं । यदि किसी प्रकरण में यह साबित होता है कि आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, तो उस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त की गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाए, उसकी ब्याज सहित वसूली की जाए और दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी ।

(3) आरक्षण संबंधी सुविधा के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है । अतः सभी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को अपने बच्चों का कक्षा–10 वीं के पूर्व स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनवाना आवश्यक है ।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है और मैं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आरक्षण तथा अन्य घोषित सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता धारण करता हूँ । मैं भली भाँति जानता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत पायी जाती है तो विधि एवं नियमों के अधीन उपरोक्त टीप के कमांक (2) में वर्णित कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिये मै स्वयं उत्तरदायी रहँगा ।

स्थान.....

दिनांक .....

आवेदक के हस्ताक्षर

तथा नाम पता एवं फोन नं.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र के लिए

घोषणा पत्र

(अव्यवस्क की स्थिति में माता/पिता/पालक द्वारा प्रस्तुत किया जाए)

1. नाम (जो शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है) :.....
2. पिता का नाम :.....
3. आयु :.....
4. जाति/उपजाति :.....
5. सरनेम :.....
6. धर्म :.....
7. व्यवसाय :.....
8. पता :.....

मैं शपथपूर्वक कथन/घोषणा करता/करती हूँ कि

(1) मैं यह शपथ पत्र घोषण पत्र स्वयं के / अपने पुत्र/पुत्री.....(नाम) के लिए जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

(2) मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 341/342 के अन्तर्गत जिला..... (मध्य प्रदेश) के लिए घोषित .....अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का सदस्य हूँ ।

(3) मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरा परिवार 1950 से मध्यप्रदेश में निवासरत है, किन्तु वर्ष 1950 की स्थिति में निवास संबंधी लिखित रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। इसकी पुष्टि हेतु मैं पार्षद/सरपंच का प्रमाण पत्र संलग्न कर रहा हूं, जिसकी पुष्टि कराई जा सकती है।

(सिर्फ वह आवेदक (√) करें जिनके पास 1950 से निवास का लिखित रिकार्ड नहीं है। साथ ही पार्षद/सरपंच का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें)

(4) मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी .....के समक्ष जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु जो आवेदन पत्र दिनांक.....को प्रस्तुत किया जा रहा है उसमें वर्णित जानकारी मेरे ज्ञान/विश्वास के अनुसार सत्य है । मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है ।

स्थान.....

दिनांक..... घोषणाकर्ता के हस्ताक्षर

परिशिष्ट –'दो'

अन्य पिछड़े वर्ग के लिये जाति प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन–पत्र

(अवयस्क की स्थिति में आवेदन पत्र माता/पिता/पालक की ओर से प्रस्तुत किया जाय)

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी,
अनुविभाग ....
जिला..(म0प्र0)

महोदय,

निवेदन है कि मुझे/मेरे पुत्र/पुत्री को राज्य शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश एवं सेवाओं मे अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण/शासन द्वारा देय अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है । इस संबंध में मेरे द्वारा निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत हैः–

1. (अ) आवेदक का पूरा नाम ....
   (ब) आवेदक के पिता का पूरा नाम ....

....

2. उस व्यक्ति का नाम एवं आवेदक से संबंध जिसके लिये प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।
   नाम :..
   पिता का नाम :..
   जन्म तिथि :..
   आवेदक से संबंध ....

3. धर्म ....
4. जाति एवं उप जाति ....
5. सरनेम ....
6. निवास का पूरा पता :
   (ग्राम/नगर, पटवारी हल्का नम्बर, तहसील, जिला सहित)
   (अ) वर्तमान पता : ....
   ....
   (ब) स्थाई पता : ....
   ....
7. आवेदक/आवेदक का परिवार मध्यप्रदेश में कब से निवासरत है ? ....

8. यदि उक्त कॉलम नं0 –6 में उल्लेखित तिथि अधिसूचना कमांक एफ. 8–7–पच्चीस–4–84 दिनांक 26–12–1984 जारी होने के बाद की है तो :–
   (अ) मध्यप्रदेश में आने के पूर्व कि स्थिति में निवास का पूरा पता. ....
   (ब) माता/पिता को जाति प्रमाण पत्र कहॉ से जारी हुआ है ....
   (स) यदि आवेदक ने मध्यप्रदेश में ही स्थान परिवर्तन किया है तो कहॉ–कहॉ रहे उसका पता एवं अवधि ....

9. राज्य शासन द्वारा घोषित की गई अन्य पिछड़े वर्ग की अनुसूची में जाति/उपजाति/वर्ग समूह का कमांक, (यदि ज्ञात हो तो)

10. व्यवसाय माता, पिता/पति यदि निम्नांकित में से कोई पद धारण करते हो तो जानकारी दी जाएः–

	स्थिति	माता	पिता/पति
क.	संवैधानिक पद		
	पदनाम		
ख.	शासकीय सेवा (केन्द्र/राज्य)		
	पदनाम		
	वेतनमान (पद की श्रेणी सहित, यदि हो)		
	पद पर नियुक्ति का दिनांक		
	प्रथम श्रेणी के पद पर पदोन्नति के समय आयु		
ग	सार्वजनिक उपकर्मों आदि में सेवा		
	संगठन का नाम		
	पदनाम/श्रेणी		
	वेतनमान		
	पद में नियुक्ति की तिथि		
घ	अन्तर्राष्ट्रीय संगठन यथा विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र संगठन एवं यूनीसेफ आदि की सेवा		
	संगठन का नाम		
	पदनाम		
	सेवा अवधि (तिथि अंकित करें दिनांक ... .से.....तक)		
ड.	मृत्यु/स्थायी अक्षमता		
	अधिकारी की मृत्यु/स्थायी रूप से अयोग्य हो जाने से सेवा से हटने की तिथि		
	स्थायी अयोग्यता का विवरण		
च.	सशस्त्र सेना अथवा अर्द्ध सैनिक बल (इस श्रेणी में ऐसे व्यक्ति सम्मिलित नहीं है जो सिविल पद धारण करते हों)		
	पदनाम		
	वेतनमान		

11. यदि व्यापार/उद्योग/व्यावसाय या अशासकीय सेवा करते हों तो उसका विवरण :–

(क) स्वयं का व्यवसाय (यदि वयस्क है तो) .....आय.....

(ख) माता का व्यवसाय .....आय.....

(ग) पिता/पति का व्यवसाय .....आय.....

12. सम्पत्ति का स्वामी –

(अ) कृषि भूमि (माता, पिता एवं अवयस्क बच्चों के) स्वामित्व में

(i) सिंचित भूमि का क्षेत्र .....स्थान.....

(ii) असिंचित भूमि का क्षेत्र .....स्थान.....

(iii) वृक्षारोपण का क्षेत्र .....स्थान.....

(उपरोक्त को राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए, जो तहसीलदार के पद से निम्न स्तर का न हो)

(ब) शहरी क्षेत्र में अथवा शहरी जमाव (**Urban agglemeration**) में भवन सम्पत्ति अथवा रिक्त भू–खण्ड–

(i) सम्पत्ति का स्थान.....

(ii) सम्पत्ति का विवरण .....

(iii) सम्पत्ति के उपयोग का प्रयोजन .....

13. आय/सम्पत्ति (Income/wealth) –

(i) सभी स्त्रातों से परिवार की वार्षिक आय:.....
(कृषि वेतन एवं कृषि आय को छोड़कर)

(ii) क्या आवेदक करदाता है ? (हॉ/नही,):.....
(यदि हॉ तो गत तीन वर्षों की आय कर
विवरण की प्रति संलग्न की जाए)

(iii) क्या आवेदक पर सम्पत्ति कर अधिनियम के
प्रावधान लागू होते हैं ? (हॉ/नही) :.....
(यदि हो तो विवरण देवें)

(iv) अन्य कोई विवरण :.....

टीपः– (1) जाति तथा निवास के प्रमाण हेतु संबंधित सरपंच/पार्षद/नगरीय निकाय के अध्यक्ष/विधायक/सांसद में से किसी एक के प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अपने परिवार के सदस्य पिता/चाचा/भाई/बहिन/दादा का जाति प्रमाण पत्र/शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र/शासकीय अर्द्धशासकीय सेवा का रिकार्ड/राशन कार्ड/ अचल सम्पत्ति का रिकार्ड यदि उपलबध हो तो संलग्न करें । अन्यथा राजस्व अधिकारी पंचायत/वार्ड रिकार्ड से पुष्टि करें।

(2) आवेदक/उनके पालक/अभिभावक स्वयं सुनिश्चत करेंगे कि वे जिस जाति के प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं, उसकी पात्रता रखते हैं । यदि किसी प्रकरण में यह साबित होता है कि आवेदक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, तो उस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त की गई सुविधा से तत्काल वंचित किया जाए, उसकी ब्याज सहित वसूली की जाए और दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकेगी ।

मै प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है एवं मैं अन्य पिछड़े वर्ग में "कीमीलेयर" (सम्पन्न वर्ग) की परिधि में नहीं आता हूँ और इस प्रकार अन्य पिछड़ वर्ग के लिये आरक्षण तथा अन्य घोषित सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता धारण करता हूँ । मैं भली–भॉति जानता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत पायी जाती है तो विधि एवं नियमों के अधीन उपरोक्त टीप के कमांक (2) में वर्णित कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिये मै स्वयं उत्तरदायी रहूँगा ।

स्थान.....
दिनांक.....

आवेदक के हस्ताक्षर एवं
नाम, पता तथा फोन नं.

अन्य पिछड़े वर्गों के प्रमाण पत्र के लिये

घोषणा पत्र

(अवयस्क की स्थिति में माता/पिता/पालक द्वारा प्रस्तुत किया जाय)

1.	नाम (जो शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है)	:.....
2	पिता का नाम	:.....
3.	आयु	:.....
4.	जाति/उपजाति	:.....
5.	सरनेम	:.....
6.	धर्म	:.....
7.	व्यवसाय	:.....
8.	पता	:.....

मैं शपथपूर्वक कथन/घोषणा करता/करती हूँ कि

(1) मैं यह शपथ पत्र घोषण पत्र स्वयं के / अपने पुत्र/पुत्री.....(नाम) के लिए जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

(2) मै भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 (4) एवं 16 (4) के अन्तर्गत जिला.....(मध्य प्रदेश) के लिए घोषित .....पिछड़ा वर्ग जाति का सदस्य हूँ।

(3) मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरा परिवार 1984 से मध्यप्रदेश में निवासरत है, किन्तु वर्ष 1984 की स्थिति में निवास संबंधी लिखित रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। इसकी पुष्टि हेतु मैं पार्षद/सरपंच का प्रमाण पत्र संलग्न कर रहा हूं, जिसकी पुष्टि कराई जा सकती है।

(सिर्फ वह आवेदक (√) करें जिनके पास 1984 से निवास का लिखित रिकार्ड नहीं है। साथ ही पार्षद/सरपंच का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें)

(4) मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी .....के समक्ष जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु जो आवेदन पत्र दिनांक.....को प्रस्तुत किया जा रहा है उसमें वर्णित जानकारी मेरे ज्ञान/विश्वास के अनुसार सत्य है । मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है ।

स्थान.....

दिनांक.....

घोषणाकर्ता के हस्ताक्षर

परिशिष्ट —'तीन'

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 के नियम 5 (1) के अंतर्गत अभिस्वीकृति

पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता .....

1. आवेदक का नाम एवं पता .....

2. पिता/पति का नाम .....

3. जाति वर्ग का उल्लेख जिसके आवेदन किया गया .....

4. संलग्न दस्तावेजों की सूची .....

5. पदाभिहित अधिकारी के कार्यालय में आवेदन प्राप्ति का दिनांक .....

6. निश्चित की गई समय–सीमा की अंतिम तिथि .....

स्थान–

दिनांक–

प्राप्तकर्ता अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर

नाम एवं पदनाम.....

परिशिष्ट –'चार'

प्रारूप– 'एक'

(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र के लिए)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (प्रमाणीकरण)

अनुभाग.....जिला.....मध्यप्रदेश पुस्तक क्रमांक .....प्रमाण पत्र कमांक .....

स्थायी जाति प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पिता श्री..... .....एवं माता श्रीमती ..... निवासी ग्राम/नगर..... .....तहसील.....जिला..... .....(मध्यप्रदेश) .....जाति/जनजाति का/की सदस्य है और इस जाति जनजाति को संविधान के अनुच्छेद 341/342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है और यह ..... जाति/जनजाति अनुसूचित जाति एवं जनजाति (संशोधन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत मध्यप्रदेश की सूची में अनुकमांक .....पर अंकित है । अतः श्री/श्रीमती/कुमारी..... .....पिता श्री .....एवं माता श्रीमती ..... अनुसूचित जाति/जनजाति का/की सदस्य है ।

स्केन्ड सील

पदाभिहित अधिकारी के हस्ताक्षर (स्केन्ड)
नाम.....
पदनाम.....

स्थान.....
दिनांक.....
आधार नंबर –
SSSM नंबर –

नोट :- पंजीयन क्रमांक ----------द्वारा जारी सर्टिफ़िकेट का सत्यापन वेबसाईट http://lokseva.gov.in अथवा http://mpedistrict.gov.in पर यह पंजीयन क्रमांक देकर किया जा सकता है ।

परिशिष्ट—'पांच'

प्रारूप—'दो'

FORM OF CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES CANDIDATES

1. 'This is to certify that Shri/Shrimati/Kumari* ..... son/daughter* of .....of village/town* ..... District/Division* ..... of the State/Union Territory* ..... belongs to the .....Scheduled caste/Scheduled tribe* under :-

* The Constitution (Scheduled Castes) Order, 1950. * The Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950. * The Constitution (Scheduled Castes) (Union Territories) Order, 1951. * The Constitution (Scheduled Tribes) (Union Territories) Order, 1951. (As amended by the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Lists (Modification Order) 1956, the Bombay Reorganisation Act, 1960, the Punjab Reorganisation Act, 1966, the State of Himachal Pradesh Act, 1970, the North Eastern Areas (Reorganisation) Act, 1971, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 1976, and the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 2002)* The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Caste Order, 1956; * The Constitution (Andaman and Nicobar Islands) Scheduled Tribes Order, 1959 as amended by the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Order (Amendment) Act, 1976; * The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Castes Order, 1962; * The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Tribes Order, 1962; * The Constitution (Pondicherry) Scheduled Castes Order, 1964; * The Constitution (Uttar Pradesh) Scheduled Tribes Order, 1967; * The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Castes Order, 1968 * The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Tribes Order, 1968; * The Constitution (Nagaland) Scheduled Tribes Order, 1970; * The Constitution (Sikkim) Scheduled Castes Order, 1978; * The Constitution (Sikkim) Scheduled Tribes Order, 1978; * The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Tribes Order, 1989; * The Constitution (Scheduled Castes) Order (Amendment) Act, 1990; * The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Act, 1991. * The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Second Amendment) Act, 1991; * The Constitution Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 2002. * The Constitution (Scheduled Castes) Order (Amendment) Act, 2002. * The Constitution (Scheduled Castes) Orders (Second Amendment) Act, 2002.

2. #This certificate is issued on the basis of the Scheduled Castes/Scheduled Tribes certificate* issued to Shri/Shrimati* ..... father/mother of Shri/Shrimati/Kumari* ..... of Village/town* ..... in District/Division* ..... of the State/Union Territory* ..... who belong to the caste/tribe* which is recognised as a Scheduled Caste/Scheduled Tribe* in the State/Union Territory ..... Issued by the ..... dated .....

3. Shri/Shrimati/Kumari* ..... and/or* his/her* family ordinarily reside(s) in village/town* ..... of..... District/Division* of the State/Union Territory* of .....**

Signature .....

****Designation .....**

(With Seal of Office)

Place : ..... State/Union Territory* .....

Date: .....

***Please delete the word(s) which are not applicable.**

#Applicable in the case of SC/ST Persons who have migrated from anoter State/UT

IMPORTANT NOTE:

The term "Ordinarily reside(s)" used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.**

Officers competent to issue Caste/Tribe certificates:

(i)District Magistrate/Additional District Magistrate/Collector/Deputy Commissioner/Additional Deputy Commissioner/Deputy Collector/1st Class Stipendiary Magistrate/city Magistrate/ Sub-Divisional Magistrate/Taluka Magistrate/Executive Magistrate/Extra Assistant Commissioner.

(ii)Chief Persidency Magisrate/Additional Chief Presidency Magistrate/Presidency Magistrate.

(iii)Revenue Officers not below the rank of Tehsildar.

